Title: Need for proper maintenance of National Highway No. 7 between Jabalpur and Seoni in Madhya Pradesh

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : उपाध्यक्ष महोदय, राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 मध्य प्रदेश में जबलपुर से सिवनी (लंबाई लगभग 14.5 कि.मी.) लम्बे समय से जर्जर था जिसका नव निर्माण पिछले वा ही कराया गया था। यह निर्माण कार्य बरसात की पहली झड़ी के साथ ही संपूर्ण 14.5 कि.मी. मार्ग बह गया तथा पूरा मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। मेरा विभागीय मंत्री से आग्रह है कि इस मार्ग के निर्माण में हुई अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराएं तथा आगे से यह सुनिश्चित करें कि इतने महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण कार्यों में जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। इस मार्ग का पुनः शीघ्र निर्माण कराया जाए ताकि जनता को हो रही असुविधा तथा आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके।